तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जात-पात की दीवार गिराने के लिए मानवीय मूल्यों के प्रति ...



11 दो साल में ही जर्जर हुई मुख्यमंत्री ग्राम सड़क



# खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 के प्रचार-प्रसार के लिए नगर में निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ शुभंकर 'मोर वीर' का हुआ जोरदार अभिनंदन

भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा छत्तीसगढ़ की मेजबानी में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के प्रथम संस्करण का आयोजन आगामी 14 फरवरी से किया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इन खेलों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मशाल गौरव यात्रा प्रारंभ की गई है, जो प्रदेश के विभिन्न जिलों का भ्रमण कर रही है। इसी क्रम में 18 जनवरी को मशाल गौरव यात्रा का रथ बेमेतरा जिला पहुँचा, जहाँ उसका बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ भव्य स्वागत किया गया। मशाल गौरव यात्रा सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट परिसर पहुँची, जहाँ जिला खेल अधिकारी सुश्री पिंकी मनहर सहित अन्य अधिकारियों ने रथ एवं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के शुभंकर 'मोर वीर' का स्वागत किया। स्वागत अवसर को और भी यादगार बनाते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा संघ के सचिव एवं प्रशिक्षक श्री अजय वर्मा एवं उनकी टीम द्वारा भी शुभंकर मोर वीर का अभिनंदन किया गया।

**नगर में निकली रैली, सिग्नल चौक पर आतिशबाजी से स्वागत:** मशाल गौरव यात्रा रथ एवं शुभंकर मोर वीर ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जिले में मशाल गौरव यात्रा रथ का भव्य स्वागत

### स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में हुआ सम्मान समारोह

रथ यात्रा इसके पश्चात स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कांटेली पहुँची, जहाँ नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा, प्रदेश संयोजक किसान मोर्चा श्री हर्षवर्धन तिवारी एवं पार्षद श्री गौरव साहू ने शुभंकर मोर वीर का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री विजय सिन्हा ने मेडल एवं मोमेंटो भेंट कर मोर वीर का सम्मान किया।



राष्ट्रीय ट्राइबल गेम्स का स्वागत बेमेतरा के लिए गौरव: विजय सिन्हा: सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के ट्राइबल गेम्स के शुभंकर का बेमेतरा आगमन जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने जिलेवासियों एवं प्रदेशवासियों को खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की सफलता हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

### कलेक्टर ने दी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं

मशाल गौरव यात्रा के बेमेतरा आगमन पर जिला कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिले के युवाओं, खिलाड़ियों एवं खेल से जुड़े सभी व्यक्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। साथ ही छत्तीसगढ़ की मेजबानी में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के सफल आयोजन की कामना की।

## खबर संक्षेप

### शासकीय पॉलिटेक्निक में हुआ राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रम



**बेरला।** शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला द्वारा छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग अटल नगर रायपुर और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के एनएसएस स्वयंसेवक, छात्र एवं कर्मचारी ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रंगोली, पोस्टर, पेंटिंग गतिविधि से युवा महोत्सव के महत्व को दर्शाया गया। इस कार्यक्रम में प्रभारी अध्यक्ष डॉ जगपाल बल सिंह और सहायक प्रभारी प्रीमेंद्र कुमार देशलहरे के मार्गदर्शन से सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य टीवी दीक्षित, गौरव गुप्ता, हरिशंकर स्वर्णकार, दीक्षित आर्य, दिव्यांश चंद्रवंशी, छत्रपाल डड़सेना, राम साहू, दानेशवर ताम्रकार, अनिल सोनी, बाहोरिक साहू, वंदना जालान, आकांक्षा शुक्ला, डॉ दीक्षा तिवारी, होरीलाल पटेल (भृत्य), काजल कुर्रे, नूतन साहू, दिव्या वर्मा, चुम्मन टंडन, अजय रात्रे, होरीलाल पटेल, भूपत साहू ने सहयोग किया।

### अफीम का कारोबार लिप्त दो पुलिस की गिरफ्त में



**भिलाई।** अफीम का खरीदी बिक्री करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बलवीर सिंह को गिरफ्तार किया गया था। उससे 205 ग्राम अफीम, नकदी, मोबाइल, बाइक जब्त किया। आरोपी बलवीर सिंह से पुलिस ने पूछताछ कर निशानदेही पर सेक्टर 6 निवासी राम बाबू उर्फ कैम्बों, गीदम जिला दंतेवाड़ा निवासी स्वरुप सोनी को पकड़ा गया। आरोपी बलवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि अफीम की खरीदी-बिक्री में रामबाबू के माध्यम से करता था। जबकि अफीम की सप्लाई स्वरूप सोनी द्वारा किया जाना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों द्वारा ही भिलाई-दुर्ग में अफीम की सप्लाई की जाती थी। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। हिरासत में लेने के बाद आरोपी बलवीर सिंह की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 205 ग्राम अफीम जब्त किया गया। अपराध में उपयोग किए गए मोबाइल, बाइक भी बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस अफीम के सरगना की तलाश में जुटी हुई है।

बैठक : ई-समन, ई-साक्ष्य और ई-चालान से न्यायिक प्रणाली को सशक्त बनाने का लक्ष्य

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने आयोजित की डिजिटल न्याय और सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डिजिटल न्याय प्रणाली को सशक्त बनाने और सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ई-समन, ई-साक्ष्य, ई-चालान एवं सड़क सुरक्षा (सुरक्षित ड्राइविंग और सुरक्षित सफर) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरोजनंद दास के मार्गदर्शन में आयोजित हुई।

कार्यशाला में मो. जहांगीर तिगाला, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बेमेतरा, अनिता कोशिमा रावटे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा, सुश्री श्रुति साहू, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, सुश्री सार्विका चतुर्वेदी, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, तथा तुषार बारीक अतिरिक्त न्यायाधीश (प्रथम सिविल जज जूनियर डिवीजन) बेमेतरा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला के दौरान सड़क सुरक्षा, सुरक्षित ड्राइविंग एवं सुरक्षित यात्रा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने मोटर व्हीकल एक्ट (एम.वी. एक्ट) एवं उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षा नियमों का पालन न करने से न केवल गंभीर दुर्घटनाएं होती हैं, बल्कि जान-माल की अपूरणीय क्षति भी हो सकती है। इस अवसर पर आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्कूलों एवं ग्राम पंचायतों में चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों में समन्वय स्थापित कर सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया गया।



### तकनीकी समस्याओं पर हुई चर्चा

कार्यशाला के दौरान सीसीटीएनएस स्टाफ द्वारा ई-चालान, ई-समन एवं ई-साक्ष्य से जुड़ी तकनीकी समस्याओं को रखा गया, जिनके निराकरण हेतु उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव से चर्चा की गई। इस पर निर्णय लिया गया कि विभागीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस एक दिवसीय कार्यशाला में न्यायालयीन स्टाफ एवं जिले के समस्त थानों के सीसीटीएनएस स्टाफ की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल न्याय व्यवस्था को प्रभावी बनाना, कार्यों में पारदर्शिता लाना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना रहा, जिसे प्रतिभागियों ने सराहा।

### सीसीटीएनएस स्टाफ को दी गई पेपरलेस कार्य प्रणाली

कार्यशाला में मो. जहांगीर तिगाला ने न्यायालयीन स्टाफ एवं समस्त थाना के सीसीटीएनएस स्टाफ को संबोधित करते हुए ई-समन, ई-चालान एवं ई-साक्ष्य की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भविष्य में समस्त न्यायालयों में पेपरलेस कार्य प्रणाली लागू की जानी है, जिसके तहत बेमेतरा जिला न्यायालय में एचजेएस एवं एलजेएस से एक-एक न्यायालय को चिन्हांकित किया गया है, जहां पूर्णतः डिजिटल एवं पेपरलेस कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही थानों से भी ई-चालान ही प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने न्यायालयीन कर्मचारियों को ई-चालान प्राप्त होने के बाद की जाने वाली प्रक्रियाओं से अवगत कराया तथा अधिक से अधिक संख्या में ई-चालान प्रस्तुत करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त ई-समन, ई-तामिली एवं ई-साक्ष्य से संबंधित व्यावहारिक पहलुओं की भी जानकारी दी गई।

# एनएचएम कर्मचारियों की लंबित मांगों के लिए संघर्ष जारी रहेगा: कर्मचारी संघ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ एनएचएम कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष का स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया स्वागत

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पुरन दास का संघ से जुड़े साथी कर्मचारियों द्वारा बड़े उत्साह एवं सम्मान के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उनके नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप एनएचएम कर्मचारियों की विभिन्न लंबित एवं जायज मांगों को लेकर सतत, संगठित एवं प्रभावी संघर्ष किया गया है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पुरन दास ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए संघ का संघर्ष आगे भी पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ जारी रहेगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु एकजुट होकर संघर्ष में सहभागी बनने की अपील की। गौरतलब है कि एनएचएम कर्मचारियों ने विगत माह 10 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन किया था, जिसके परिणामस्वरूप शासन द्वारा 3 मांगों को पूर्ण करते हुए आदेश जारी किए गए, जबकि शेष 6 मांगों के निराकरण हेतु शासन स्तर पर समिति का गठन किया गया है। संघ ने इसे कर्मचारियों की एकता, संघर्ष और सरकार से सकारात्मक संवाद की बड़ी उपलब्धि बताया है।

### ये रहे उपस्थित

स्वागत कार्यक्रम में संघ के डॉ अभिषेक यादव, बृजेश दुबे, मनीष शर्मा, डोमन यादव, प्रमोद साहू, ओमकार कश्यप, यशवंत कुमार भारद्वाज, दिनेश गंगबेर, गुलाब साहू, धनेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थिति थे।

# सात दिन में भुगतान, 125 दिन का रोजगार और एआई से पारदर्शिता: युवराज सिंह ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

■ ग्रामीण रोजगार को नई रफ्तार : विकसित भारत गारंटी योजना से बदलेगा मनरेगा का स्वरूप

ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की नई पहल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबीजी रामजी) ग्रामीण को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बेमेतरा के जिलाध्यक्ष युवराज सिंह ठाकुर ने कहा कि यह योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का नया, उन्नत और सुधारित स्वरूप है, जिसे विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप लागू किया गया है।



युवराज सिंह ठाकुर ने बताया कि जहाँ पहले मनरेगा के अंतर्गत 100 दिनों का रोजगार सुनिश्चित था, वहीं वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत इसे बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जो कि 25 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण परिवारों की आय सुरक्षा मजबूत होगी और मजदूरों को अधिक स्थायित्व मिलेगा।

**भुगतान व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार:** पूर्व सरपंच रहे युवराज सिंह ठाकुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पहले कार्य पूर्ण होने के बाद महीनों तक मजदूरी का भुगतान नहीं हो पाता था। उन्होंने कहा कि अब इस नई योजना में सात दिनों के भीतर भुगतान की गारंटी दी गई है, जो ग्रामीण श्रमिकों के लिए एक क्रांतिकारी बदलाव है।

### भ्रष्टाचार पर रोक, तकनीक से पारदर्शिता

कांग्रेस द्वारा किए जा रहे विरोध पर पलटवार करते हुए युवराज सिंह ठाकुर ने कहा कि यूपीए शासनकाल में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई थीं। उन्होंने आंध्र प्रदेश में वर्ष 2007 से 2013 के बीच हुए घोटालों और उड़ीसा में मृत एवं अपात्र व्यक्तियों के नाम पर भुगतान के मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब ऐसी गड़बड़ियों की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि वीबीजी रामजी योजना में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ▶▶| शेष पेज 11 पर

# हसदा में आवास व मनरेगा योजनाओं की समीक्षा के लिए लगी चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ ग्रामीणों को रोजगार, आजीविका, जल संरक्षण एवं प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत ग्राम पंचायत हसदा में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की समीक्षा हेतु चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों को शासन की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं को सुनते हुए मौके पर ही निराकरण किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)) के अंतर्गत मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत ग्रामीणों को 125 दिनों का गारंटीकृत रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, नए स्वीकृत कार्यों सहित अन्य अधिकार एवं प्रावधान उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु मिलने वाली वित्तीय सहायता, निर्माण की प्रक्रिया तथा समय-सीमा की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने हितग्राहियों को समय पर निर्माण पूर्ण करने एवं गुणवत्ता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया। चौपाल के दौरान जल संरक्षण को लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि रिचार्ज पिट निर्माण से वर्षा जल का भू-जल में पुनर्भरण होता है, जिससे भूजल स्तर बढ़ता है और पेयजल संकट कम होता है। ग्रामीणों को रिचार्ज पिट निर्माण की तकनीक, लागत एवं इसके दीर्घकालिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई।



### आजीविका डबरी से बढ़ेगी आय, मनरेगा से मिलेगी सहायता

चौपाल में आजीविका डबरी निर्माण के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बताया गया कि आजीविका डबरी से जल संरक्षण के साथ-साथ मछली पालन, सिंचाई एवं अन्य आजीविका गतिविधियों के अवसर सृजित होंगे, जिससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि होगी। मनरेगा के तहत आजीविका डबरी निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की गई। इस अवसर पर दीप्ति मंडावी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बेरला), शत्रुघ्न निषाद ▶▶| शेष पेज 11 पर

देशभक्ति और उत्साह से सराबोर हुआ विदाई समारोह

# बेमेतरा जिले के 42 जाबाज़ युवा देश सेवा के लिए हुए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ अग्निवीर भर्ती: जनप्रतिनिधियों और परिजनों ने युवाओं को किया पुष्पमालाओं और जयकारों के साथ सम्मानित

भारतीय सेना की महत्वाकांक्षी अग्निवीर भर्ती योजना के अंतर्गत बेमेतरा जिले से चयनित 42 युवाओं को आज देश सेवा के लिए उत्साह, गर्व और राष्ट्रभक्ति के माहौल में रवाना किया गया। इस अवसर पर आयोजित संक्षिप्त लेकिन गरिमामय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों, समाजसेवियों एवं चयनित युवाओं के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल पर सभी चयनित युवाओं का पुष्पमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों और भारत माता की जय के नारों के बीच युवाओं को विदाई दी गई, जिससे वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। परिजनों की आंखों में गर्व और उत्साह साफ झलक रहा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि भारतीय सेना में सेवा का अवसर हर युवा के जीवन का गौरवपूर्ण क्षण होता है। अग्निवीर योजना के माध्यम से युवा न केवल सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रभक्ति जैसे मूल्यों को भी आत्मसात करेंगे। यह योजना युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ देश की सुरक्षा को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रही है।



### 42 युवाओं का सेना में चयन सम्मान की बात: सिन्हा

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेमेतरा जिले के 42 युवाओं का भारतीय सेना के लिए चयन होना पूरे जिले के लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि ये युवा न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने सभी अग्निवीरों के उज्ज्वल भविष्य, सफल प्रशिक्षण और राष्ट्र सेवा में उत्कृष्ट योगदान की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने चयनित युवाओं को मिठाई खिलाकर एवं शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमुदाय ने सभी अग्निवीरों के सफल, सुरक्षित और गौरवपूर्ण सैन्य सेवा की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

# साजा नगर में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

■ हनुमान चालीसा का हुआ सामूहिक पाठ , संत-समागम और धर्मरक्षा पर जोर

नगर के पुराना बाज़ार क्षेत्र में आयोजित विराट सर्व हिन्दू सम्मेलन पूरे उत्साह, श्रद्धा और अनुशासन के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ।




कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1:30 बजे विशाल बाइक रैली से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं व हिन्दू समाज के लोगों ने भाग लिया। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुज़री और पूरे साजा नगर में धर्म, एकता और सामाजिक समरस्ता का संदेश दिया।

रैली के बाद सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक साथ बैठकर पाठ किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद समाज के प्रमुख पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर कमलेश निषाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि माता-पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चों को सनातन धर्म की रक्षा, संस्कार, गौ सेवा और नशे से दूर रहने की शिक्षा दें। उन्होंने युवाओं को भी प्रेरित किया कि वे गलत आदतों को त्यागकर सनातन धर्म की रक्षा करें और अपने माता-पिता तथा परिवार का मान-सम्मान बढ़ाएं।

हिंदू संगठनों को एकजुट रहने और आपसी सहयोग को बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से ही समाज में एक बड़ी मिसाल कायम की जा सकती है कार्यक्रम के अतिथि पंडित राजेश तिवारी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### हाथ में लोहे का कड़ा पहनने वालों पर सख्ती

**भिलाई।** जिले में आयोजित मड़ई मेला, बाजार क्षेत्रों समेत अन्य भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस सघन निगरानी कर विशेष अभियान चला रही है। अभियान के दौरान असामाजिक कस्मि के युवक बड़े-बड़े लोहे के कड़े पहनकर मड़ई मेला, बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूमते हुए अड्डेबाजी कर रहे थे। अभियान के तहत 350 लोहे के कड़े पुलिस ने जब्त किया है। मड़ई मेला, बाजार, सार्वजनिक स्थलों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अड्डेबाजी, हथियारनुमा वस्तुएं पहनकर घूमने, भय का वातावरण निर्मित करने अथवा कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ भी बिना किसी पूर्व सूचना के कठोर और वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### कार्यालय के उद्घाटन से जनसेवा को मिलेगी दिशा



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राकेश पांडेय के कार्यालय का शुभारंभ शनिवार को 32 बंगले में हुआ। इस कार्यालय से संगठन व संस्था जनसेवा, विकास और संगठनात्मक मजबूती की दिशा में नए आयाम स्थापित करेंगे। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को सशक्त बनाने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयास करेंगे।

### रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टिट्यूट भिलाई ने राजनांदगांव में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी निर्देशक मनोज ठाकरे, एडवोकेट नेहा गुप्ता, ट्रेनर तपन कुमार विश्वास और संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फायर एवं सेफ्टी के विद्यार्थियों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का आयोजन रक्त वीर संस्था के नागेंद्र यदु और उनकी टीम ने किया।

# मूकमाटी के नाम से पहचानी जाएगी रायपुर-जबलपुर इंटरसिटी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुछ समय पहले रायपुर-जबलपुर की महत्ता को देखते हुए इंटरसिटी एक्सप्रेस की शुरुआत की थी। यह ट्रेन रायपुर से छूटकर डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट होकर जबलपुर पहुंचती है। उसी दिन आधे घंटे के बाद जबलपुर से रायपुर लौटती है। दुर्ग भिलाई रेल यात्री संघ के अध्यक्ष संजय बोहरा ने बताया कि उक्त ट्रेन के लिए की मांग वर्षो से की जा रही थी, जिसे रेल मंत्रालय ने स्वीकार किया। इस ट्रेन का नामकरण का प्रकाशन रेल मंत्रालय ने कर दिया है। शनिवार की शाम 4:05 पर मुख्यमंत्री विष्णु साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर प्लेटफार्म नंबर 7 से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई रवाना किया। यह ट्रेन शाम करीब 5 बजे दुर्ग पहुंची। सकल दिगंबर जैन समाज, श्वेतांबर समाज दुर्ग, भिलाई, रायपुर, राजनांदगांव के पदाधिकारी ने इस अवसर पर ट्रेन में यात्रा करने वाले लोगों को मिठाई का प्रसाद के रूप में वितरण किया।

## सकल जैन समाज के लोगों ने स्टेशन में पहुंचकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जताया आभार

### जबलपुर का संबंध संत विद्यासागर के कर्म रूप में

बोहरा ने बताया जबलपुर का संबंध संत शिरोमणि गुरु विद्यासागर के कर्म रुप में है। डोंगरगढ़ उनका मोक्ष स्थल है। अर्थात जहां अंतिम समय गुजर, जहां से वह ब्रह्मलोक में गए थे। इस क्षेत्र की उपयोगिता को देखते हुए महाकवि गुरुवर आचार्य विद्यासागर के महाकाव्य खंड जिसका प्रकाशन ज्ञानपीठ में हुआ था। कई विश्वविद्यालय में शोध और पीएचडी के लिए विद्यार्थी ग्रंथ पर अपना अध्ययन कर रहे हैं। इस महाकाव्य खंड के लोकप्रियता को देखते हुए इसमें हिंदी भाषा की उत्कृष्ट काव्य भाषा का उपयोग किया गया है, जो की ज्ञानपीठ प्रकाशन ने भी प्रकाशित किया है।



### महाकाव्य के काव्यपाठ पर किया गया ट्रेन का नामकरण

संजय बोहरा ने बताया कि इस लोकप्रिय महाकाव्य के प्रसिद्ध काव्य पाठ पर इस ट्रेन का नाम रेल प्रशासन नई दिल्ली ने मूक माटी एक्सप्रेस रखा है। इसके लिए सकल जैन समाज आभारी है। स्टेशन में ज्ञानचंद पाटनी, महावीर गंगवाल, रमेश बाकलीवाल, वीके जैन, संजय बोहरा, अभिषेक जैन, निखिल जैन बाकलीवाल, महेंद्र पाटनी, प्रदीप बाकलीवाल, विमल बड़जात्या, सुशील पाटनी, बबीता बाकलीवाल, ममता पाटनी, अनीता बाकलीवाल, महिला वर्ग से मीणा पाटनी सहित अन्य मौजूद थे।

### 20 को करेंगे नगर सेवाएं कार्यालय का घेराव, रखेंगे मांग

# टाउनशिप के सैकड़ों रिटायर आवासधारियों में किराया वृद्धि को लेकर बढ़ा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वर्षों अपने खून पसीने से भिलाई इस्पात संयंत्र को सेल का सबसे बड़ा संयंत्र बनाने में योगदान देने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों की आवासीय परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। रिटेंशनधारियों के आवासों की भारी किराया वृद्धि को लेकर प्रबंधन की उदासीनता से आक्रोश बढ़ रहा है। गुस्साए रिटेंशनधारी अब बीस जनवरी को नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेंगे।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में रिटायर संयंत्रकर्मियों को रिटेंशन स्कीम के तहत आवास अलाट किए गए हैं। आवास के लिए चौदह सौ रहवासियों द्वारा नौ लाख रुपए बीएसपी में जमा किए हैं और हर माह आवास, बिजली आदि किराया राशि देते हैं। लेकिन दो महीने पूर्व प्रबंधन ने अचानक कई गुना किराया बढ़ा दिया है। किराया वृद्धि 24 रुपए प्रति वर्ग फुट बढ़ा दिया गया है। रिटेंशनधारियों के मुताबिक इतना अधिक किराया भुगतान कर पाना संभव नहीं है। वे कई बार बीएसपी अधिकारियो से राहत की गुहार कर चुके हैं। सांसद विजय बघेल व विधायक देवेंद्र यादव ने भी प्रबंधन से चर्चा कर रिटेंशन स्कीम के नए नियम को वापस लेने की मांग कर चुके हैं लेकिन अब तक परिणाम शून्य है। सभी सांसद विधायक व अफसरों के चक्कर लगा रहे हैं। समाधान नहीं होने से रिटेंशनधारियों में असंतोष बढ़ रहा है। बीएसपी रिटेंशनधारी संघ की शनिवार को पायोनियर मान्यूमेंट पार्क सिविकसेंटर में हुई बैठक में सांसद विजय बघेल से मुलाकात करने और उनके प्रबंधन के आश्वासन पर अमल नहीं होने की जानकारी दी गई। प्रबंधन के अड़ियल रवैये पर आक्रोश जताया गया मनामान किराया वापस लेने की मांग को लेकर बीस जनवरी को सुबह 8 बजे से बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। रिटेंशनधारी संघ के पी मोहन राव ने बताया कि विभाग के मुख्य महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल किराया वृद्धि वापस लेने की मांग की जाएगी। रिटेंशधारी 32 गुना किराया पटा रहे हैं।

## कई बुजुर्ग मकान खाली करने हो रहे मजबूर



### रिटेंशन से बीएसपी को दोहरा लाभ

बीएसपी को बीएसपी आवासों को सेवानिवृत्तों को किराया पर देने से दोहरा लाभ हो रहा है। इसके बाद भी इस स्कीम को खत्म करने कई गुना रेंट बढ़ाने से रहवासी चिंतित व आक्रोशित हैं। रिटेंशनधारियों ने बताया कि रिटेंशन पर आवास देने से मकानों के नियमित रखरखाव होने के साथ किराया केरुप में बीएसपी को करोड़ों का राजस्व भी मिल रहा है। हर रिटेंशनधारी से 9 लाख रुपए सुरक्षा निधि के रुप में जमा करवाए गए हैं। यदि मकान खाली रहेंगे तो कब्जाधारियों व अराजक तत्वों के जमावड़े से अराजकता बढ़ेगी।

### सैकड़ों थर्ड पार्टी से नुकसान

रिटेंशनधारियों ने बताया कि टाउनशिप में प्रबंधन द्वारा राज्य शासन के अधिकारियों व विभिन्न निजी संस्थानों को हजारों आवास थर्ड पारी के रुप में आवंटित किए हैं। कई को तीन चार मकान आवंटित हैं। इनमें कई अफसरों के तबादले व रिटायर होने के बाद भी कब्जा किए हैं। बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन व यूनियनों के प्रबंधन से मांग के बाद भी कब्जामुक्त नहीं करवाए जा चुके हैं। इससे बीएसपी को लाखों रुपए का नुकसान हो रहा है। सेक्टर 10, 9 व 32 बंगला सहित विभिन्न सेक्टरों में सैकड़ों बड़े मकानों कब्जा बरकरार है। वहीं दूसरी ओर प्रबंधन बीएसपी के विकास में वर्षों पसीना बहाने वाले सैकड़ों सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को बुढ़ापे में बेघर करने में अपनी ताकत झोंक रहा है। 18 हजार से 20 हजार किराया बिल आ रहा है।

# वार्डवासियों की समस्याओं से अवगत हुए मंत्री यादव



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

मॉर्निंग विजिट में केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शनिवार को मोहननगर, आमापारा और आर्यनगर पहुंचे और जनता से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुने। वार्ड के नागरिकों ने उन्हें वार्ड के विकास और मूलभूत समस्याओं से अवगत किराया। मंत्री यादव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

- सीमेंटीकरण सड़क और नाली निर्माण की मांग

नागरिकों ने वार्ड की जरूरतों और विकास से जुड़े विषयों को केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव को अवगत कराया। मंत्री गजेन्द्र यादव ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सांझा करते हुए पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किए। वार्ड भ्रमण के दौरान केबिनेट मंत्री यादव ने महतारी वंदन योजना, पीएम आवास के हितग्राहियों से भी चर्चा की। वार्ड 12 के नागरिकों ने क्षेत्र में सीमेंटीकरण सड़क, नाली निर्माण और अधिक विकास कार्य कराए जाने का आग्रह किये। मंत्री गजेन्द्र यादव ने वार्डवासियों के साथ भ्रमण कर स्थानीय आवश्यकताओं पर चर्चा की। इस दौरान नागरिकों ने मैदान के पास स्थित रिक्त भूमि को सुव्यवस्थित कर शादी-विवाह, धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए डोमशेड एवं सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में निरंतर जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझ रहे हैं। जनता जनार्दन से सीधा संवाद ही सुशासन की नींव है, और क्षेत्र की बुनियादी आवश्यकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नागरिकों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे और जनसेवा का यह क्रम निरंतर जारी रहेगा। इस दौरान पार्षद आशीष चंद्राकर, मनोज सोनी, मंडल अध्यक्ष बंटी चौहान, संदीप भाटिया, महेश देवांगन, अमित अगने, मनोज कुमार सहित वार्ड के नागरिक उपस्थित थे।

# संग्रहण केंद्रों में कम धान मिलने की हो निष्पक्ष जांच, एसएसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



छत्तीसगढ़ में धान खरीदी और भंडारण व्यवस्था एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। सत्र 2024–25 में खरीदे गए धान के उठाव के बाद कवर्धा और महासमुंद जिलों के धान संग्रहण केंद्रों में करोड़ों रुपये के धान की भारी कमी सामने आई है। अधिकारियों द्वारा इस कमी के लिए चूहों, कीट-पतंगों, नमी और मौसम को जिम्मेदार ठहराए गए।

इन मामलों के उजागर होने के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण वोरा ने दुर्ग वेयरहाउस का दौरा किया। उन्होंने कहा कि वे यह देखने आए हैं कि कहीं कवर्धा और महासमुंद से बताए जा रहे चूहे दुर्ग तो नहीं पहुंच गए। पूर्व में राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष रह चुके वोरा ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होंने कभी ऐसा मामला नहीं देखा, जहां हजारों क्विंटल धान की कमी को चूहों और कीट-पतंगों के नाम पर समझाया गया हो। उनका कहना था कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि सुनियोजित गड़बड़ी का संकेत देता है। दौरे के बाद वोरा ने दुर्ग के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि असली दोषियों की पहचान जरूरी है और करोड़ों रुपये के इस नुकसान के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी ने इन सभी मामलों को गंभीर बताते हुए उच्च स्तरीय, स्वतंत्र और समयबद्ध जांच की मांग की है।

# साक्ष्य और एनडीपीएस को लेकर ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



ई-साक्ष्य एनडीपीएस एक्ट को लेकर विवेचकों द्वारा की जाने वाली त्रुटियों के लिए पुलिस अधिकारी, विवेचकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दुर्ग प्रशासनिक भवन स्थित प्रशिक्षण हॉल में किया गया। इस दौरान एसएसपी विजय अ्रग्रवाल द्वारा पुलिस अधिकारी विवेचकों को नशीली टेबलेट व कैप्सूल में कार्रवाई धारा 50 एनडीपीएस कार्रवाई, व्यक्तिगत तलाशी घटनास्थल पर स्पष्ट दस्तावेज तैयार करना, ओवरराईटिंग नहीं करने, सेंपलिंग कार्रवाई के बाद दवाई या मादक पदार्थ का परीक्षण कराने एफएसएल भेजने, संपति पत्रक में सील लगाने, धारा 42 ,धारा 50, 52-ए इन्वेस्टी की कार्रवाई धारा 55, धारा 57 कार्रवाई की सूचना, एनडीपीएस एक्ट के मामलों में एक से अधिक आरोपी होने से धारा 29 एन.डी.पी.एस.एक्ट् में कार्रवाई करने, आगजनी के दौरान हादसों में सपंत्ति का विवरण देने, आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने आरोपी को सजा दिलाने के उद्देश्य से कार्रवाई करने, मर्ग जांच में कारणों का उल्लेख करने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीएसपी पुलिस लाइन चन्द्र प्रकाश तिवारी, निरीक्षक नीलकंठ वर्मा समेत 75 अधिकारी, विवेचक पहुंचे थे।

# आयुक्त ने बैकुंठ धाम क्षेत्र के सुलभ शौचालय, पीएम आवासकिया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत एसएलआरएम सेंटर, जीवीपी पॉइंट, सुलभ शौचालय, बैकुंठ धाम तालाब, पीएम आवास सहित मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना से दुकानो का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है।

निगम आयुक्त द्वारा मदर टेरेसा नगर अंतर्गत वार्ड 33 में एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया गया। सेंटर मे चल रहे कचरा पृथककरण के कार्यों का जायजा लिए । ई-रिक्शा एवं ऑटो टिप्पर से डोर-टू-डोर कचरा बीट चार्ट अनुसार एकत्रित करने निर्देशित किये है। नागरिको द्वारा कचरा फेकने वाले स्थल जी व्ही पी प्वाइंट को सौंदर्य करण किया गया है। वार्ड मे सड़क किनारे लगाए गये पेवर ब्लॉक का जायजा लेते हुए अतिक्रमण को हटाने निर्देशित किये है। रोड साइड अतिक्रमण कर टेंट एवं अन्य कारोबार करने वाले लोगों पर कारवाई करने निर्देशित किया गया है । आयुक्त ने दिवाल एवं चौंक-चौराहो मे पेंटिंग के माध्यम से स्वछता हेतु नागरिको को जागरूक करने कहा गया है। नागरिकों की सुविधा को ध्यान मे रखते हुए सुलभ शौचालय की नियमित साफ-सफाई एवं पानी की सुविधा बनाये रखने निर्देशित किये है। वार्ड मे अवैध तरीके से रह रहे नागरिकों से मुलाकात कर 75000 में प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन करने ओर मुख्यमंत्री स्वालम्बन योजना से निर्मित दुकानों को स्वयं से खाली करने नागरिकों से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेंद्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक चूड़ामणि यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में 11वां वार्षिक आयोजन

# वार्षिक खेलोत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग







हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग के प्रांगण में 11 वां वार्षिक खेलोत्सव का आयोजन शनिवार को रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। ध्वजारोहण व शपथ ग्रहण के पश्चात मशाल प्रज्वलित कर खेलोत्सव प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर सीए अजय जिंदल, सीए मदनमोहन उपाध्याय, शाला की प्रबंधन समिति की एकेडेमिक डायरेक्टर और प्राचार्या दीप्ति तिवारी, निर्देशक बृजमोहन उपाध्याय, संयुक्त सचिव उमाकांत मिश्रा, एकेडेमिक कोऑर्डिनेटर हरबिंदर कौर संधु और वेदप्रकाश बाजपेयी उपस्थित थे।

सर्वप्रथम प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए 50 व 100 मीटर, गुब्बारा दौड़, बॉल रेस, नींबू दौड़, जिग जैग रेस तथा कक्षा छठवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए खो-खो, बास्केटबॉल, क्रिकेट, 200 मीटर रेस, रीले रेस तथा अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। अतिथियों और अधिकारियों द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मैडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वार्षिक प्रतियोगिताएं व अन्य गतिविधियों के आधार पर इनोवेटर हाऊस येलो हाऊस को ट्रॉफी प्रदान की गई ।

मुख्य अतिथि रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा कि छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने अंदर की प्रतिभाओं को उजागर किया है। छात्र शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही खेलकूद में भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। शाला के द्वारा छात्रों के लिए स्पोर्ट्स एकेडमी में क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल , कराटे की कक्षाएं ली जाती हैं। जिनसे कई छात्र शालेय ,राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर भी पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

# नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट के मुकाबले में उतरने छत्तीसगढ़ दोनों वर्ग की टीम तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



महाराष्ट्र टेनिस बॉल क्रिकेट संघ की ओर से 36वीं सीनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 19 जनवरी से 22 जनवरी तक नागपुर में आयोजित है।

- नागपुर में 19 जनवरी से होंगे मैच

भा र ती य टेनिस बॉल महा संघ के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रतियोगिता जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश की पुरुष एवं महिला टेनिस बॉल क्रिकेट टीम भी भाग लेगी। छत्तीसगढ़ टेनिस बॉल क्रिकेट पुरुष टीम के खिलाड़ियों में कप्तान संदीप वर्मा, निलेश बेग, हेमंत, प्रभात निगम, अमित हरपाल, राहुल सोनकर, आमिर हुसैन, संतोष चौहान, परितोष राव, अभिषेक सिंह, यशस्वी सिन्हा, संस्कार यादव, सिराजी और रोशन यादव हैं। टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद एवं प्रबंधक सूरज साव हैं। छत्तीसगढ़ महिला टीम की खिलाड़ियों में कप्तान जे सुधा कुमारी, मोनिका कुमारी, दीप्ति कुमारी, भूमिका कुमारी, सपना कुमारी, शिखा कुमारी, भूमिता कुमारी, अमीषा कुमारी, गायत्री साहू, कुमारी पूनम बंजारे, कुमारी देवकी, कुमारी जागृति और कुमारी ममता शामिल हैं। इस टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद एवं प्रबंधक गायत्री वर्मा है। इन दोनों ही टीमों के मुख्य प्रबंधक संतोष प्रसाद हैं। इन समस्त खिलाड़ियों एवं ऑफिशल्स को दुर्ग जिला सांसद एवं दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विजय बघेल, दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के महासचिव बशीर अहमद खान, बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब एवं इस्पात क्लब सेक्टर-1 के सचिव वंश बहादुर सिंह, चयनकर्ता राधेश्याम, जय प्रकाश आर्य, संतोष प्रसाद, ई लक्ष्मी, कुदरत दास एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के सचिव आजाद अहमद खान ने शुभकामनाएं दी है।

## खबर संक्षेप

### नालियों की सफाई से हरिनछपरा में स्वच्छता अभियान तेज, ग्रामीणों को मिला रोजगार



**बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा में नालियों की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिससे गांव में स्वच्छता का माहौल बन रहा है और ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रेखाबाई धुर्वे, उपसरपंच शीतला भारती एवं सचिव रोहित कोसले के निर्देशन में यह कार्य कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राजू चतुर्वेदी के घर से लेकर हरिनछपरा गांव के अंदर तक मजदूरों से नालियों की सफाई कराई जा रही है। इस अभियान से चौक-चौराहे, मोहल्ले और गलियां स्वच्छ होती नजर आ रही हैं। सफाई कार्य से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने सरपंच, उपसरपंच और सचिव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से गांव स्वच्छ होने के साथ-साथ मजदूरों को रोजी-रोटी का साधन भी मिल रहा है। इस अवसर पर राजाराम, कलीराम भारती, सालिक कुर्रे, जलेश बघेल, रामविलास जांगड़े, राजू चतुर्वेदी, सत्यनारायण भारती सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवापारा सड़क बनी हादसों का कारण, सफाई के अभाव में जमे खरपतवार

# दो साल में ही जर्जर हुई मुख्यमंत्री ग्राम सड़क, 40 लाख की लागत पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नवापारा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना के तहत मेन रोड से नवापारा तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करीब दो वर्ष पूर्व किया गया था। यह सड़क पांच वर्ष की गारंटी अवधि में आती है, लेकिन निर्माण के मात्र दो साल के भीतर ही सड़क की हालत खराब होने लगी है। सड़क के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और किनारे से सड़क टूटने लगी है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 40 लाख रुपये की लागत से बनी इस सड़क में अब तक न तो साइड शोल्डर डाला गया है और न ही नियमित सफाई की गई है। निर्माण के दौरान केवल रंग-रोगन और औपचारिक कार्य कर भुगतान निकाल लिया गया, जबकि आवश्यक तकनीकी कार्य अधूरे छोड़ दिए गए। सड़क के दोनों ओर साइड शोल्डर के रूप में मुरूम या मिट्टी की परत नहीं डाली गई, जबकि इसका मुख्य उद्देश्य डामर की परत को मजबूती प्रदान करना होता है। साइड शोल्डर नहीं होने के कारण सड़क के किनारे लगातार टूट रहे हैं और गहरे गड्ढे बनते जा रहे हैं, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलटने का खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही सड़क किनारे साफ-सफाई नहीं होने से झाड़-झंखाड़ उग आए हैं, जिससे सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बढ़ गया है। सड़क के दोनों ओर फैली झाड़ियां और कांटे दृश्य बाधित करते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और ट्रैक्टर-ट्रक चालकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

#### स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से की मांग




स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सड़क के दोनों ओर तत्काल साइड शोल्डर डाला जाए, नियमित सफाई कराई जाए और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए, ताकि सड़क सुरक्षित रहे और ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

#### दो साल में दम तोड़ी, नवापारा सड़क

नवापारा में बनी डेढ़ किलोमीटर सड़क गारंटी अवधि में ही जर्जर हो गई है सड़क के दोनों किनारे टूटने लगे हैं। साइड शोल्डर नहीं डाले जाने से सड़क लगातार धंस रही है और गहरे गड्ढे बन गए हैं। सफाई के अभाव में झाड़-झंखाड़ फैल गया है, जिससे टायर पंचर का खतरा बना हुआ है। ज्यादातर स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत, साइड शोल्डर निर्माण सफाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी, दिल्ली में अभ्युदय स्कूल की ऐतिहासिक उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा की होनहार छात्राए मिहिका एवं रुचि अग्रवाल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी 15 से 17 जनवरी 2026 तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसका केंद्रीय विषय "आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण एवं गणित एसटीईएम था। देशभर से चयनित लगभग 400 नवाचारी विज्ञान मॉडलों में से उभरती तकनीकें उपविषय के अंतर्गत केवल 40 मॉडलों का चयन किया गया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में मिहिका एवं रुचि ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट "पी-टैग" के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनके प्रोजेक्ट ने मौलिक वैज्ञानिक सोच, स्पष्ट अवधारणा, तकनीकी दक्षता एवं व्यावहारिक उपयोगिता के कारण निर्णायक मंडल का विशेष ध्यान आकर्षित किया। यह सफलता विद्यालय की जीवविज्ञान शिक्षिका श्रीमती शालिनी अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रेरणा का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री तोरण साहू ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अभ्युदय स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक संस्कार और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति का सशक्त प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्राओं, मार्गदर्शक शिक्षिका तथा समस्त विद्यालय परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

## जेवड़न खुर्द के शासकीय स्कूलों में समस्याओं का अंबार, बुनियादी सुविधाओं के लिए छात्र परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल में बुनियादी सुविधाओं के अभाव से छात्र-छात्राएं गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। रवेली मार्ग के किनारे लगभग एक मील की दूरी पर स्थित इस स्कूल परिसर में आसपास के 10 से 15 गांवों के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन आते हैं और बेहतर भविष्य के सपने संजोए हुए हैं, लेकिन व्यवस्थाओं की कमी उनके मार्ग में बाधा बन रही है। छात्रों ने बताया कि स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल के अभाव के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। स्कूल मैदान में शराब की बोतलें और डिस्पोजल कप बिखरे पड़े रहते हैं, जिससे बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। कई स्थानों पर बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसकी मरम्मत और नव-निर्माण की सख्त आवश्यकता है, ताकि स्कूल परिसर सुरक्षित रह सके।

इसके अलावा स्कूल में साइकिल स्टैंड की भी व्यवस्था नहीं है। गर्मी के मौसम में खुले मैदान में रखी साइकिलों के टायर पंचर हो जाते हैं और बरसात में जंग लगने से छात्र-छात्राओं को परेशानी झेलनी पड़ती है। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि साइकिल स्टैंड का निर्माण हो जाए तो उन्हें बड़ी राहत मिल सकती है। छात्र-छात्राओं ने यह भी बताया कि स्कूल की स्थापना के बाद से अब तक सांस्कृतिक मंच का निर्माण नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति बच्चों को जमीन पर करनी पड़ती है, जिससे उन्हें असुविधा होती है। यदि एक स्थायी सांस्कृतिक मंच का निर्माण किया जाए, तो शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकेगा। गौरतलब है कि एक ही परिसर में दो शासकीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में छात्र अध्ययनरत हैं। इसके बावजूद बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी होना चिंता का विषय है।

स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इन समस्याओं पर शीघ्र ध्यान दिया जाए और आवश्यक निर्माण कार्य कराकर जेवड़न खुर्द के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल को एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण और सुरक्षित शिक्षा का वातावरण मिल सके।

## मोदी की गारंटी, 500 में गैस सिलेंडर का इंतजार कर रही महिलाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने जनता से कई बड़े वादे किए थे। इन्हीं वादों के भरोसे पार्टी ने चुनाव लड़ा और प्रदेश में सरकार बनाने में सफलता हासिल की। सरकार के गठन को अब दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की सबसे प्रमुख घोषणा अब तक पूरी नहीं हो पाई है, जिससे आम जनता, विशेषकर महिलाओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा भाजपा की सबसे बड़ी घोषणाओं में से एक था। यह दावा किया गया था कि सरकार बनते ही महिलाओं को महंगाई से राहत मिलेगी और घरेलू खर्चों में कमी आएगी। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी आज स्थिति यह है कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सिलेंडर बाजार दर पर ही लेना पड़ रहा है। ऐसे में महिलाएं यह सवाल उठा रही हैं कि आखिर 'मोदी की गारंटी' कब पूरी होगी। महंगाई के इस दौर में गैस सिलेंडर हर घर की जरूरत बन चुका है। छोटे से लेकर बड़े परिवार तक खाना पकाने के लिए गैस पर निर्भर हैं। ऐसे में यदि 500 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध कराया जाता है तो इससे आम परिवारों को बड़ी राहत मिल सकती है। महिलाओं का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को भुला दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भाजपा ने मोदी के नाम पर गारंटी देकर चुनाव जीता है, तो सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उस गारंटी को जमीन पर उतारे। दो साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी यदि सबसे अहम घोषणा अधूरी है, तो विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब जनता शासन-प्रशासन से मांग कर रही है कि जल्द से जल्द 500 रुपए में गैस सिलेंडर योजना लागू की जाए, ताकि महंगाई से जूझ रहे परिवारों को वास्तविक राहत मिल सके और मोदी की गारंटी' सिर्फ नारा बनकर न रह जाए।

## जिले में मुमुक्षु विनुषी भंडारी का आत्मीय अभिनंदन, संयमी जीवन की ओर बढ़ाया कदम

- जैन श्री संघ कवर्धा के त्वावधान में मुमुक्षु अभिनंदन समारोह विनुषी भंडारी को मिली शुभकामनाएं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इंदौर निवासी मुमुक्षु विनुषी भंडारी का जैन श्री संघ कवर्धा के तत्वावधान में महावीर स्वामी चौक स्थित जैन स्थानक भवन में आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने भावी संयमी जीवन के लिए मुमुक्षु विनुषी को मंगल कामनाएं दीं। मुख्य स्थानक में विराजित महासती शासन प्रभाविका पू. सुप्रतिभाजी, पू. सुभगजी एवं पू. सुरक्षणजी म. स. साहब ने विनुषी भंडारी को संयम मार्ग पर अग्रसर होने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल संयमी जीवन की कामना की। समता महिला मंडल द्वारा अभिनंदन गीत का भावपूर्ण समूह गान प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में अभिनंदन पत्र का वाचन संघनिष्ठ दिनेश श्रीश्रीमाल ने किया, जबकि संचालन गेन्दमल मोदी ने किया। इस अवसर पर सकल जैन श्री संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ अध्यक्ष खुशाल टाटिया, साधुमार्गी जैन संघ अध्यक्ष गुलाबचंद श्रीश्रीमाल तथा साधुमार्गी जैन महिला समिति की ओर से श्रीमती तारा श्रीश्रीमाल सहित समाज के अनेक प्रमुखजन उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अप्रैल माह में जैन आचार्य पूज्य 1008 श्री रामलाल जी महाराज साहब के मुखारविंद से होने जा रही दीक्षा के लिए मुमुक्षु विनुषी को शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में मुमुक्षु विनुषी भंडारी ने कहा कि श्रद्धा, समर्पण और भक्ति भावना के साथ गुरुदेव की भावना भाई, उसी का प्रतिफल है कि वे अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनसे अक्सर पूछा जाता है कि संयम लेने की इतनी जल्दी क्यों है, जिस पर उनका उत्तर होता है कि वे अपना समय व्यर्थ नहीं करना चाहतीं और शीघ्र ही सिद्धालय की ओर प्रयाण करना चाहती हैं। उन्होंने श्रीश्रीमाल परिवार के उपकारों को भी स्मरण किया।

अंत में सकल जैन श्री संघ कवर्धा की ओर से श्रावक-श्राविकाओं ने तिलक-माला से बहुमान कर मुमुक्षु विनुषी को अभिनंदन पत्र भेंट किया। कार्यक्रम के पश्चात दीक्षार्थी विनुषी भंडारी ने समाजजनों के साथ बाजू स्थानक में विराजित पूज्य महासती 1005 अर्पिता श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा चार के दर्शन-वंदन कर मंगल पाठ का श्रवण किया।

## भगवान श्री राम की सेवा और भक्ति ही जिनका लक्ष्य है वो बडभागी लक्ष्मण जी हैं: पं आनंद उपाध्याय



**हरिभूमि कवर्धा।** घुघरी में आयोजित तीन दिवसीय मानस प्रवचन के तीसरे दिन पंडित आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि जो भगवान के सगुण स्वरूप की उपासना करते हैं वो भी बडभागी हैं। श्री लक्ष्मण जी धन्य और बड़भागी दोनों हैं लखन भैया के लिए भगवान श्री राम जी ही माता पिता स्वामी सखा गुरु और सबकुछ हैं। लखन लाल जी भगवान श्री राम जी के बिना रह नहीं सकते। जिनके लक्षणों से यह प्रगट हो कि ये भगवान श्री राम जी के सेवक हैं वो लक्ष्मण जी हैं । भगवान श्री राम जी की सेवा और भक्ति करना ही जिनका लक्ष्य है वो लक्ष्मण जी हैं। जिन्होने अपने आप को भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित कर दिया है वो लक्ष्मण जी हैं। भगवान श्री राम जी के कीर्ति यश को फहराने के लिए जो दण्ड के समान हैं वो लक्ष्मण है। जो भगवान की भक्ति में रमा के विलास धन संपत्ति को वमन की तरह त्याग दे वो भी बडभागी है। पुराणों में वृक्षारोपण की बहुत महिमा बताई गई है। वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करता है, आक्सीजन देता है वृक्ष से वर्षा होती है। हम सभी को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए और उसे बड़ा करना चाहिए। एकादशी का व्रत करें भगवान के नाम जाप और भजन का नियम लेना चाहिए। अपने बच्चों को समय निकाल कर रामायण और सनातन ग्रंथों का अध्ययन कराना चाहिए। इससे धर्म की जानकारी होगी और सनातन धर्म की बड़ी सेवा होगी। अपने बच्चों को भगवान की कथा और मंदिरों में लेकर जाना चाहिए गौमाता की सेवा करनी चाहिए।

### मौनी अमावस्या पर बोड़ला में उमड़ा आस्था का महासागर, हिंदू संगम का ऐतिहासिक समापन

## बोड़ला हिंदू संगम का भव्य समापन, श्रद्धा और राष्ट्रवाद के ज्वार में डूबी धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



छह दिनों तक चली धर्म, संस्कृति और राष्ट्रचेतना की महागाथा का रविवार को बोड़ला की पावन भूमि पर भव्य समापन हुआ। मौनी अमावस्या के अवसर पर आयोजित हिंदू संगम के अंतिम दिन जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा नगर भगवा ध्वजों, जयघोष और श्रद्धा के रंग में रंग गया। बोड़ला में आयोजित छह दिवसीय हिंदू संगम का समापन समारोह श्रद्धा, एकता और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत रहा। अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया, जिससे आयोजन स्थल भक्ति और उत्साह के वातावरण से भर उठा। सनातन परंपरा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संदेश देते इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को एक नई ऊर्जा से भर दिया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-सहकार्यवाह रामदत्त चक्रधर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक भावना बोहरा सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखजन मौजूद रहे। साधु-संतों, मातृशक्ति, युवाओं और सामाजिक संगठनों की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया। अपने उद्बोधन में संघ के वरिष्ठ प्रचारक ने कहा कि समाज की शक्ति एकता में निहित है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब अलग-अलग उंगलियां मिलकर मुट्ठी बनती हैं, तभी असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। उन्होंने धरती को मां बताते हुए कहा कि समस्त हिंदू समाज एक परिवार है और जाति व भेदभाव से ऊपर उठकर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। प्रवचन के दौरान सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत और गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान को हिंदू धर्म और राष्ट्र की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण बताया गया। समापन समारोह में कवर्धा से पहुंचे सिख समाज के सदस्यों ने शबद गायन प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। सिख समाज के अध्यक्ष गुरदीप सिंह अरोरा को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। नीटू खनूजा, राजेन्द्र सलूजा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान शहर के सभी समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया और उन्हें झंडा रामचंद्र जी का चित्र एवं रामचरितमानस भेंट की गई।

## पेज 9 के शेष

### खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स ...

के साथ बच्चों द्वारा रैली भी निकाली गई। रथ यात्रा बेमेतरा नगर में भ्रमण करते हुए सिग्नल चौक पहुँची, जहाँ आतिशबाजी के साथ रथ का भव्य स्वागत किया गया। यहाँ पुलिस एवं यातायात विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी मोर वीर का स्वागत कर खेलों के प्रति अपना उत्साह प्रकट किया।

### भ्रष्टाचार पर रोक...

आधारित डिजिटल उपस्थिति, भौगोलिक टैगिंग और आधुनिक तकनीकी निगरानी व्यवस्था लागू की जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी बनेगी। कृषि को प्राथमिकताः युवराज सिंह ठाकुर ने बताया कि एक महत्वपूर्ण संशोधन के अंतर्गत कृषि मौसम के दौरान अधिकतम दो माह तक कार्य स्थगित रखा जा सकेगा, ताकि खेतिहर मजदूर खेती के कार्यों में संलग्न रह सकें और कृषि उत्पादन प्रभावित न हो। अब केवल मिट्टी का काम नहीं: उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा केवल मिट्टी से जुड़े कार्यों तक सीमित रह गया था, लेकिन अब वीबीजी रामजी योजना के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं तथा ग्रामीण रोजगार और विकास के समन्वय पर विशेष जोर दिया जाएगा, जिससे गांवों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलेगी। अंत में युवराज सिंह ठाकुर ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष को इस योजना की खूबियों से नहीं, बल्कि इसके नाम में शामिल राम शब्द से आपत्ति है। उन्होंने कहा कि जो राम के नहीं हो सके, वे देश के क्या होंगे — यह जनता स्वयं तय करेगी।

### हसदा में आवास व मनरेगा ....

(डीसी, जिला पंचायत), असित गोलछा (अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा), अरविंद कश्यप (कार्यक्रम अधिकारी, जनपद पंचायत बेरला), तकनीकी सहायकगण, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी मिलने के साथ ही उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल की गई।

### साजा नगर में ...

भगवताचार्य ने नशा मुक्ति अभियान पर जोर देते हुए कहा कि समाज के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती है सभा को सपना बहन ने भी ओजस्वी वचन से संबोधित किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और संत-समागम भी हुए, जिसमें जीवन मूल्यों, धर्म और राष्ट्रभक्ति पर प्रेरणादायक बातें रखी गईं। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन समाज में जागरूकता, एकता और संस्कारों को मज़बूत करने के उद्देश्य से किया गया था, जो पूरी तरह सफल रहा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महिला का मिला शव नहीं हो पाई शिनाख्त

**भिलाई।** कुम्हारी थाना अंतर्गत ग्राम परसदा स्थित कैवल्य धाम के पीछे खेत में एक अज्ञात महिला का सड़ा गला शव मिला है। डीकंपोज हो जाने से शव की सिनाख्त नहीं हो पाई है। कुम्हारी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि महिला की उम्र 40 से 45 वर्ष के बीच की है। महिला की मौत सात दिन पूर्व होना पाया जा रहा है। शव खेत में झाड़ियों के बीच पड़ा मिला। बदबू फैलने के बाद लोगों को इसकी जानकारी हुई और उन्होंने थाने में सूचना दी। कुम्हारी थाना प्रभारी पुरषोत्तम कुर्रे ने बताया कि महिला के पास से पहचान से जुड़ा दस्तावेज भी साक्ष्य नहीं मिला है। मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंची थी, जो मौत के कारणों की बारीकी से जांच कर रही है। महिला की मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद हो पाएगा। पुलिस आसपास के थानों में लापता हुए महिला की जानकारी जुटा रही है। जिससे महिला की शिनाख्त हो पाए।

### वाहन चोर गिरोह को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** दो पहिया वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अजय सिंह ने रुआबांधा शासकीय अस्पताल के पास सड़क किनारे बाइक खड़ा किया था, जो चोरी हो गई। सूचना पर जिला नयापड़ा, उड़िसा निवासी बनवाली कोलथिया दो पहले सेक्टर-10 भिलाई के सीमेंट दुकान में काम करता था। वर्तमान में मैत्री कुंज, रिसाली में मकानों में चौकीदारी का कार्य करता था। आरोपी चोरी की बाइक को बेचने की तलाश में रहता था। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अपने साथियों जिला नयापड़ा, ओडिशा प्रदीप बाग उर्फ राजू, दिलीप के साथ मिलकर वाहन चोरी करना आरोपी ने स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी प्रदीप बाग उर्फ राजू को भी पुलिस गिरफ्त में लिया।

### फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 25.93 लाख रुपए की ठगी, पुलिस जांच में जुटी

**भिलाई।** फ्रेंचाइसी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले के खिलाफ मोहन नगर थाने में मामला दर्ज हुआ है। राहुल नाम के व्यापारी ने शिकायत में बताया कि टस्कर ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने और हर महीने लाखों रुपए का मुनाफा होने का लालाच देकर उसके साथ 25.93 लाख रुपये की ठगी की गई है। राहुल ने डायरेक्टर, मार्केटिंग हेड, सेल्स इंचार्ज पर ठगी का आरोप लगाया है। राहुल परिहार ने पुलिस को बताया कि टस्कार ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर उत्कर्ष कश्यप, मार्केटिंग हेड आलोक, अनमोल दुबे, सेल्स इंचार्ज प्रणीता ने उन्हें कंपनी की मेडिकल फ्रेंचाइजी लेने के लिए संपर्क किया था। फ्रेंचाइजी लेने पर प्रतिमाह 1 से 2 लाख रुपये तक लाभ होने का दावा किया था। इसके अलावा दुकान का इंटीरियर, ब्रांड प्रमोशन, एमबीबीएस डॉक्टर के साथ ओपीडी सुविधा, पैथोलॉजी, दवाइयों का स्टॉक, कर्मचारियों की व्यवस्था और उनके वेतन तक का खर्च कंपनी द्वारा उठाने का भरोसा जताया था। झांसे में आकर राहुल ने 27 अक्टूबर 2024 को कंपनी की फ्रेंचाइजी ले ली। कंपनी ने अलग-अलग मदों में उनसे भारी रकम वसूला।

---

सनातन कर्म पर आधारित है जन्म पर नहीं, जाति प्रथा एक थोपी गई कुरीति है: डॉ सौरव निर्वाणी

# जात-पात की दीवार गिराने के लिए मानवीय मूल्यों के प्रति रहना होगा सचेत: धर्म स्तम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ मठ मंदिरों में होगा समरसता भोज का आयोजन: डॉ द्विवेदी

धर्म स्तंभ काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित संवाद में मठ–मंदिरों की सामाजिक भूमिका पर बड़ा और ऐतिहासिक वक्तव्य सामने आया, धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी एवं निर्वाणी अखाड़ा नर्मदा कुंड के महंत सुरेंद्र दास ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जाति–पाति की दीवारें तोड़ने का दायित्व अब केवल भाषणों का नहीं, बल्कि मठ–मंदिरों के प्रत्यक्ष आचरण का विषय है।

महंत सुरेंद्र दास ने कहा "समाज को दिशा मठ–मंदिर ही दे सकते हैं। यदि हमारे धर्मस्थल ही भेदभाव से मुक्त नहीं होंगे तो समाज कैसे बदलेगा?" उन्होंने बताया कि सनातन धर्म में वर्ण व्यवस्था कर्म पर आधारित थी, जन्म पर नहीं, मनुस्मृति का स्पष्ट उद्घोष है जन्मना जायते शूद्रः, संस्कारात द्विज उच्यते' अर्थात मनुष्य जन्म से नहीं, कर्म और संस्कार से श्रेष्ठ बनता है। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ सौरव निर्वाणी ने कहा कि यदि सनातन में जाति व्यवस्था होती तो रामायण और महाभारत काल के स्वयंवरों में सभी वर्ग भाग नहीं ले सकते थे, ऋषि वाल्मीकि, जिन्हें रामायण का रचयिता माना जाता है, शिकार से साधना की ओर आए, राजा हरिश्चंद्र, निषादराज, कपिल ऋषि, व्यास, ऋषि अंगीकार शबरी माता, जैसे असंख्य उदाहरण बताते हैं कि भक्ति और धर्म में कोई ऊँच नीच नहीं, रानी सत्यवती जो मल्लाह समाज से थीं, अखंड भारत के शासन और नीति में प्रभावशाली भूमिका में रहीं, डॉ निर्वाणी ने जोर देकर कहा जाति प्रथा कोई सनातन परंपरा नहीं, बल्कि कुछ सौ वर्ष पहले थोपी गई एक विभाजनकारी विदेशी वामपंथी विचारधारा का परिणाम है, जिसका उद्देश्य भारत की पुण्यभूमि को तोड़ना था, दुर्भाग्य से आज भी हम उसी जाल में फंसे हैं.

### मठ–मंदिर चुप नहीं बैठ सकते

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार बालादास ने तीखे शब्दों में कहा—मठ–मंदिर, साधु समाज और सनातन के रक्षक इस सामाजिक अन्याय को मूकदर्शक बनकर नहीं देख सकते, जाति व्यवस्था ने इस राष्ट्र को अपार क्षति पहुँचाई है।" इस वैचारिक आंदोलन को धरातल पर उतारते हुए रामजानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा, नर्मदा कुंड में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है।

यहाँ 11 ब्राह्मणों, क्षत्रियों, दलित और वैश्य भाइयों के साथ "समरसता भोज" का आयोजन किया जा रहा है यह भोज केवल भोजन नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति का प्रतीक होगा। धर्म स्तंभ काउंसिल ने घोषणा की कि प्रदेशभर के सभी मठ–मंदिरों में ऐसे आयोजन हों, इसके लिए संत समाज की बैठक के बाद धर्म स्तंभ काउंसिल द्वारा आधिकारिक एडवाइजरी जारी की जाएगी। महंत सुरेंद्र दास ने स्मरण कराया कि स्वयं राम रामानंदाचार्य जी का संदेश कि जाति–पांति पूछे नहीं कोई, हरी को भजै सो हरी का होई।" यही सनातन है, यही भारत की आत्मा है, जो राम के हैं, जो कृष्ण के हैं वे सभी समान हैं डॉ सौरव निर्वाणी ने उल्लिखित किया जाति–पांति एक ढोंग है, एक कुरीति है, सनातनी व्यवस्था नहीं है अब इससे मुक्ति का समय आ गया है, मठ–मंदिरों से इसकी विदाई होगी और समाज से इसके खात्मे की शुरुआत होगी, उन्होंने इसे एक नया सामाजिक स्वतंत्रता आंदोलन बताते हुए कहा यह आज़ादी की दूसरी लड़ाई है सामाजिक गुलामी से मुक्ति की लड़ाई, जिसकी अगुवाई हम सबको मिलकर करनी है।

---

## 24 घंटे अखंड दुर्गा चालीसा पाठ और नशा मुक्ति रैली का भव्य आयोजन




**नवागढ़।** नगर दो दिनों तक भक्ति, अनुशासन और सामाजिक चेतना के रंग में रंगा रहा। भगवती मानव कल्याण संगठन जिला इकाई के तत्वावधान में साहू संघ मां कर्मा भवन में आयोजित तहसील स्तरीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। पाठ के दौरान मां दुर्गा के जयघोष से पूरा परिसर भक्तिमय बना रहा। समापन दिवस पर सामाजिक संकल्प कार्यक्रम के समापन अवसर पर सुबह 9 बजे नगर में नशा मुक्ति सद्भावना रैली निकाली गई। ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और भगवा ध्वजों के साथ निकली रैली में हजारों नगरवासी शामिल हुए। नशा छोड़ो—जीवन जोड़ो, स्वस्थ समाज—सशक्त भविष्य जैसे नारों से नगर गूंज उठा। रैली ने प्रमुख मार्गों से नगर भ्रमण करते हुए आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया।

जयकारों के साथ उमड़ा उत्साह रैली के दौरान शक्तिपुत्र महाराज के जयकारों से वातावरण और भी ऊर्जावान हो गया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की सहभागिता ने आयोजन को जनआंदोलन का स्वरूप दिया। प्रतिभागियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नशा मुक्ति का संदेश दिया।

**गरिमामयी उपस्थिति:** समापन कार्यक्रम में भारती शक्ति चेतना पार्टी के प्रांतीय उपाध्यक्ष दयाशंकर निषाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष आजू राम साहू, भगवती मानव कल्याण संगठन जिला मुंगेली के अध्यक्ष राजू साहू, बेमेतरा जिला अध्यक्ष चंद्रभान साहू सहित रामभजन, मुरारी, तेजस्वी, नीलमणि, देवेंद्र, नकुल, उमाशंकर बिसाहू, वीरेंद्र, थानूराम, भूपेंद्र, सेवकराम, घासी राम और सीता राम मंचासीन रहे।

### संदेश और संकल्प

अतिथियों ने कहा कि नशा समाज की जड़ों को खोखला करता है, जबकि भक्ति और संस्कार समाज को जोड़ते हैं। ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को सकारात्मक दिशा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने भविष्य में भी नशा मुक्ति और सामाजिक सद्भाव के लिए निरंतर अभियान चलाने का संकल्प दोहराया।

---

# सत्संग से मन की बुराइयां, अहंकार और सांसारिक मोह होते हैं दूर: महंत ओहंग दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



अकलवारा में सद्गुरु कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय संत समागम मेला एवं

■ अकलवारा में दो दिवसीय संत समागम का भक्तिमय समापन, 101 दीपों से हुई सात्विक यज्ञ चौका आरती

सात्विक यज्ञ चौका आरती का भव्य एवं भक्तिमय समापन किया गया। समापन अवसर पर 101 दीप प्रज्वलित कर सात्विक यज्ञ चौका आरती संपन्न हुई, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो गया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रातःकाल गुरु महिमा पाठ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सद्गुरु कबीर सत्संग ग्रंथ मंडली अकलवारा के नेतराम साहू एवं पूरन सिन्हा द्वारा सद्गुरु कबीर साहेब की अमृतवाणी को भजन एवं सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं महंत सजीवन दास जी ने भी अपने भजनों एवं सत्संग के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को अध्यात्म मार्ग की ओर प्रेरित किया।

मुख्य सत्संग में महंत ओहंग दास जी ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ही मानव की मुक्ति संभव है, अन्य कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने सत्यनाम के स्मरण को भवसागर से पार होने का एकमात्र साधन बताया। उन्होंने कहा कि जब मन गंगाजल की भांति निर्मल हो जाता है, तब ईश्वर स्वयं भक्त के पीछे-पीछे चलते हैं। उन्होंने कबीर साहेब के दोहे "कबीरा, मन निर्मल भया, जैसे गंगा नीर। पाछे-पाछे हरि फिरै, कहत कबीर-कबीर॥" का भावार्थ समझाते हुए कहा कि मन की शुद्धता से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव है। सत्संग के माध्यम से लालच, मोह, अहंकार जैसे विकार समाप्त होते हैं और जीवन में सत्य, सेवा, अहिंसा एवं भक्ति का विकास होता है।

### मनुष्य शरीर ही मोक्ष प्राप्ति का साधन और द्वार है: महंत

महंत ओहंग दास ने कहा कि मनुष्य शरीर ही मोक्ष प्राप्ति का साधन और द्वार है, जिसे पाकर यदि व्यक्ति साधना एवं नाम-स्मरण नहीं करता, तो वह जीवन व्यर्थ चला जाता है। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई कर्म प्रधान विश्व रचि राखा, जो जस करहि सो तस फल चाखा।" के माध्यम से कर्म के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि कलियुग में जीवन अल्प है, इसलिए केवल सद्गुरु के नाम का सहारा ही मोक्ष का मार्ग है। संत और गुरु ही सच्चे हितैषी होते हैं, जो निःस्वार्थ भाव से मानव का कल्याण करते हैं। जीव को वास्तविक शांति संत-संग, गुरु-संग और नाम-सुमिरन से ही प्राप्त होती है। संत समागम के अंत में सात्विक यज्ञ चौका आरती का आयोजन किया गया, जिसमें 101 दीप प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर महंत सजीवन दास, महंत ओहंग दास सहित अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे।

**ये रहे उपस्थित:** कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष मनमोहन दास, प्रेमलाल साहू, पूर्व सरपंच संतोष साहू, अंगेश्वर साहू, बालाराम साहू, कमल नारायण साहू, कृष्णा साहू, थलज कुमार साहू, गेंदराम, घनश्याम साहू, मनोज साहू, पीलूराम साहू, मनहरण साहेब, ध्रुव साहू, तुलाराम, प्रकाश साहू, खेलूराम, खेलावन साहू, नेतराम साहू, पूरन सिन्हा, सियालाल सिन्हा, आनंद राम साहू, गुनी राम, बसंत साहू, रामगोपाल साहू, हरिराम सहित समस्त ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। संत समागम के सफल आयोजन से ग्राम अकलवारा धर्म और अध्यात्म की नगरी के रूप में पुनः प्रतिष्ठित हुई।

---

बच्चों ने लगाए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल

# बेरला में पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में लगा बाल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला




विकासखण्ड बेरला अंचल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में धूमधाम से बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लेने के साथ-साथ लोगों का उत्साहवर्धन बढ़ाया और बाल मेला का आनंद लिया। इस बाल मेले में बच्चों ने विविध व्यंजनों के आकर्षक स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता और हुनर का प्रदर्शन किया।

जिसमें बच्चों ने गोलगप्पा, चाउमीन, मोमोज, बर्गर, चाय, पकौडी, चाट, ठेकुआ, गुजिया, चॉकलेट, मिर्ची भजिया जैसे नानम प्रकार के स्टॉल लगाकर बच्चों ने स्वयं तैयार किए थे, जिनकी अभिभावकों ने खूब सराहना की। मेले में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चे जहां अपने स्टॉल संभालते दिखाई दिए, वहीं उनके माता-पिता भी बच्चों का उत्साह बढ़ाने और उनके प्रयासों का आनंद लेने पहुंचे। वही नगर पंचायत अध्यक्ष विशालराज देशलहरा ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें किताबों के साथ-साथ सामाजिक व व्यावहारिक सीख प्रदान करते है। अभिभावकों ने भी विद्यालय द्वारा किए गए आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान के साथ-साथ जिम्मेदारी और टीमवर्क की भावना विकसित होती है।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में बेमेतरा भाजपा प्रवक्ता रोहित माहेश्वरी, नगर पंचायत बेरला अध्यक्ष विशालराज देशलहरा, पार्षद उमा नेताम, शिवझडी सिन्हा, समाजसेवी फलेश मधुकर, शिक्षकगण ठाकुर और वर्मा सहित समस्त अभिभावकों व बच्चे उपस्थित रहे।

---

### कानून तोड़ने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 94 पर कार्रवाई

**भिलाई।** जिले में कानून तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान 94 पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। अड्डेबाजी, सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन, इससे उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस दुर्ग द्वारा ऑपरेशन विश्वास के तहत जिलेभर में एक साथ सघन अभियान चलाया गया। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, आम नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना, असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ा संदेश देना था।

### केंद्रीय जेल दुर्ग के कैदी की उपचार के दौरान मौत

**भिलाई।** हत्या के मामले में सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान मौत होने का मामला सामने आया है। घटना 16 जनवरी सुबह की है। दुर्ग जेल प्रशासन के मुताबिक केन्द्रीय जेल दुर्ग में विनय प्रताप सिंह नामक युवक हत्या के मामले में सजा काट रहा था। उसके खिलाफ मोहन नगर थाने में अपराध दर्ज था। अचानक उसकी तबियत खराब होने पर उसे उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया। जहां उपचार के बाद विनय ने दम तोड़ दिया। विनय मार्च 2023 से केंद्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध था। जिसकी सुनवाई के बाद 28 नवंबर 2025 को उसे दोषी ठहराते हुए न्यायालय ने सजा सुनाई गई थी। जिसके बाद से वह जेल में सजा काट रहा था। विनय प्रताप सिंह लंबे समय से लो शुगर और मानसिक बीमारी से पीड़ित था। तबीयत अक्सर बिगड़ती रहती थी, जिस कारण जेल अस्पताल में उसका नियमित इलाज करा रहा था। अचानक कैदी की हालत गंभीर हो गई। लो शुगर के चलते उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी, जिसके बाद जेल प्रशासन उसे उपचार के लिए रायपुर रेफर किया।

# मोतीलाल साहू बने भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मोतीलाल साहू (मोंटी) को प्रदेश सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही जिले सहित पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं और किसान मोर्चा से जुड़े पदाधिकारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

मोतीलाल साहू की यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब प्रदेश में किसान हितों से जुड़े मुद्दे, कृषि नवाचार, फसल विविधीकरण, बाजार से सीधा जुड़ाव और किसानों की आय बढ़ाने जैसे विषय प्रमुखता से सामने हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि साहू के अनुभव, सक्रियता और संगठनात्मक दक्षता से किसान मोर्चा को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। अपने राजनीतिक और संगठनात्मक जीवन में मोतीलाल साहू ने सदैव किसानों, श्रमिकों और आमजन के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। वे पूर्व में शहर भाजपा अध्यक्ष के दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उस दौरान उन्होंने संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण, बूथ स्तर पर मजबूती और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए, जिसकी व्यापक सराहना पार्टी के भीतर और बाहर हुई।

बधाई संदेशों के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मोतीलाल साहू का सरल स्वभाव, कर्मठता और किसानों के प्रति समर्पण उन्हें इस जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त बनाता है। उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा न केवल संगठनात्मक रूप से मजबूत होगा।

---

करमसेन में भव्य लोकार्पण, समाज उत्थान का लिया गया संकल्प

# सेवा, समर्पण और एकजुटता का प्रतीक बना निषाद समाज का सामाजिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नांदघाट परिक्षेत्र के ग्राम करमसेन में निषाद समाज द्वारा स्वयं की राशि एकत्रित कर निर्मित निषाद सामाजिक भवन का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास और सामाजिक एकजुटता के साथ संपन्न हुआ। यह भवन ग्रामवासियों की सेवा भावना, समर्पण और त्याग का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष बोधी राम निषाद ने की। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी, निषाद समाज बेमेतरा के जिलाध्यक्ष दिलीप निषाद, जिला संगठन सचिव रेवा राम निषाद सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**एकजुटता, सेवा, समर्पण और त्याग का परिणाम है सामाजिक भवन: निषाद :** इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन में बोधी राम निषाद ने कहा कि यह सामाजिक भवन ग्राम करमसेन के समस्त सामाजिक जनों की एकजुटता, सेवा, समर्पण और त्याग का परिणाम है। समाज के लोगों ने एक-एक पाई जोड़कर इस भवन का निर्माण किया है, जो भविष्य में सामाजिक एकता को मजबूत करने, समाज की समस्याओं पर विचार-विमर्श करने और सामूहिक समाधान का केंद्र बनेगा। उन्होंने समाज में नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए समाज के लोगों से पांच मूल बातों के पालन का आह्वान किया—स्वदेशी, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य एवं सामाजिक उत्तरदायित्व। मुख्य अतिथि विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद ने सामाजिक भवन के निर्माण को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज को संगठित और सशक्त बनाने में मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होंने समाज के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कवि कृष्ण कुमार भारती, सम्मन निषाद एवं नेमा निषाद ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत पुष्पा निषाद एवं उनकी टीम द्वारा पंडवानी गायन की सशक्त प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में प्रमुख रूप से अशोक निषाद, शिव निषाद, करुणा निषाद, रामवतार निषाद, मोहन ध्रुव (सरपंच करमसेन), नरेंद्र निषाद, वीरेंद्र निषाद, रामकिसून निषाद, रमेश निषाद, गोरेलाल निषाद, नरोतम निषाद सहित सैकड़ों की संख्या में युवा, वरिष्ठजन, माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। यह सामाजिक भवन अब ग्राम करमसेन में सामाजिक गतिविधियों, बैठकों और जनकल्याणकारी कार्यों का प्रमुख केंद्र बनेगा, जिससे निषाद समाज की एकता और सशक्तिकरण को नई दिशा दी।

